लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1318
30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

'मित्र' पार्कों की उपलब्धियां

1318. श्री बैजयंत पांडा:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

वस्त्र निर्माण संकुलों को बढ़ावा देने में मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (मित्र) पार्क जैसी पहलों की उपलब्धियां क्या है और परिणाम क्या रहे हैं?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

प्रचालन के पैमाने को सक्षम करके भारतीय वस्त्र उद्योग को मजबूत करने, संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक स्थान पर रखकर लॉजिस्टिक लागत को कम करने, निवेश आकर्षित करने, रोजगार का सृजन करने और निर्यात क्षमता को बढ़ाने तथा वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए एकीकृत वृहद पैमाने पर आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना विकसित करने के उद्देश्य से, सरकार ने वर्ष 2027-28 तक सात वर्षों की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रूपये के परिव्यय से प्लग एंड प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचना के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड स्थलों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों को स्थापित करने की मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 7 स्थलों अर्थात तमिलनाडु (विरुधनगर), तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), मध्य प्रदेश (धार), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) को अंतिम रूप दिया है। ऐसा अनुमान है कि निर्माण कार्य के पूर्ण हो जाने पर प्रत्येक पार्क 1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित करेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और वस्त्र पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ होगा।

****